5

समाधान दिवस में 13 मामले आए।

आयुष विवि के कुलपति सिखाएंगे योग

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। पिपरी में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरक्षनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के वीसी सहयोगियों के साथ परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को योगा सिखाएंगे। इसके लिए बच्चों को चिह्नित करने के साथ ही उन्हें योग सिखाएंगे।

वीसी प्रोफेसर एके सिंह ने बताया जंगल माघी के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं में 118 बच्चों को योगा सिखाने के लिए चिन्हित किया है। बच्चों के साथ ही शिक्षकों को योगा के लिए ड्रेस के रूप में टी-शर्ट व लोवर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योगा की शुरुआत 15 जून से स्कूल परिसर में ही की जाएगी। 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योगा के लिए चिन्हित बच्चों को एक-एक औषधीय पौधे भी दिए जाएंगे। बताया बच्चों को पौधा रोपण के लिए दिए जाने वाले औषधीय पौधों के गुण के सम्बंध में जानकारी दी जाएगी।